विश्व पशु चिकित्सा दिवस – 2019

विश्व पशु चिकित्सा दिवस प्रत्येक वर्ष अप्रैल महीने के अंतिम शनिवार को मनाया जाता है। इस दिवस को उन लोगों के लिए है, जो जानवरों के प्रति प्रेम रखते है, तथा उनको स्वस्थ रखने हेतु समर्पित है।

यह दिवस पूरे विश्व में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है सामान्य तौर पर हम सभी किसी विशेष पशु प्रजाति के प्रति लगाव रखते है, किन्तु उन सभी के लिए एक समान जरूरत होती है, वह है पशुचिकित्सक।

बिना पशु चिकित्सकों के हम अपने प्रिय जानवरों के स्वस्थ जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। पशु चिकित्सक की अनुपस्थिति में जानवरों को विभिन्न रोगों की असाध्य पीड़ा सहन करनी पड़ सकती है। साथ ही उनकी असमय मृत्यु होने से जीवन आयु भी कम हो सकती है। विश्व पशुचिकित्सा दिवस इन पशु चिकित्सकों को उनके पालतू जानवरों को स्वस्थ रखने के लिए किए गए शानदार काम के लिए समर्पित है। इस वर्ष विश्व पशु चिकित्सा दिवस 27 अप्रैल को मनाया जा रहा है।

इतिहासः– विश्व पशुचिकित्सा दिवस विश्व पशुचिकित्सा संघ द्वारा वर्ष 2000 में दुनिया भर के पशु चिकित्सकों द्वारा किए गए अद्भुत जीवन काल कार्य को उजागर करने के लिए मनाया गया था। इसकी शुरूआत लगभग 150 वर्ष पूर्व एडिनबर्ग में एनाटामी और फिजियोंलॉजी के प्रोफेसर डॉ. जे. गमेणी, द डिक वेटनरी कॉलेज ने पहली अंतर्राष्ट्रीय पशुचिकित्सा कांग्रेस बुलाकर की थी। उनकी यह पहल आज विश्व पशुचिकित्सा संघ के रूप में दिखाई देती है। यह संघ दुनिया भर में पशुचिकित्सा पेशे का प्रतिनिधित्व करता है। विश्व पशुचिकित्सा संघ का मिशन पशु चिकित्सा पेशे, पशु चिकित्सा निजी एवं सार्वजनिक पशु चिकित्सा सेवाओं को विकसित करने और बढ़ावा देने के माध्यम से पशु कल्याण और स्वास्थ्य और वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य को आश्वस्त करना और बढ़ावा देना है।

विश्व पशुचिकित्सा दिवस आयोजन का उद्देश्यः– विश्व पशु चिकित्सा दिवस का मुख्य उद्देश्य पशु स्वास्थ्य और कल्याण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस हेतु हर साल विश्व पशु चिकित्सा संघ एवं OIE (पशु स्वास्थ्य संगठन) द्वारा एक विषय का चुनाव किया जाता है। ये विषय पालतू जानवरों के मालिकों को विभिन्न पहलुओं के महत्व को याद रखने में मदद करते है। ये विषय पशु चिकित्सकों के महत्व को भी प्रदर्शित करते है, जानवरों को स्वस्थ रखने हेतु इस वर्ष का विषय है "टीकाकरण का महत्व"।

विश्व पशुचिकित्सा दिवस आयोजन में जन भागीदारी :– जन समुदाय पशु चिकित्सा दिवस के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभा सकता है। इस दिन को आप अपने पशुओं के लिए विशेष कर सकते है। आप अपने पालतू जानवरों (कुत्तों, बिल्लियों) को घुमाने ले जा सकते है। उनको पसंदीदा खाना ले सकते है। आप अपने पशुचिकित्सकों को कुछ उपहार या एक सरल धन्यवाद कार्ड देने का विकल्प चुन सकते है। आप अपने पालतू जानवर और पशुचिकित्सकों के साथ कुछ तस्वीरें भी ले सकते है। और उन्हें अपने हेश टेग # World Veterinary Day और # I love Veterinary के तहत साझा कर सकते है।

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में पशुचिकित्सा दिवस का आयोजन:– नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर में इस दिन का आयोजन भव्य स्तर पर किया जाता है। इस बार इस दिवस का विषय टीकाकरण का महत्व है। जिसे ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा व्यापक स्तर पर गौशालाओं में टीकाकरण का आयोजन किया जा रहा है। पूरे सप्ताह इस अवसर का कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जैसे – प्रश्न मंच, पोस्टर प्रतियोगिता, का अयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर व्याख्यानों का भी आयोजन किया गया है। महाविद्यालय के शैक्षणिक पशुचिकित्सा परिसर में मुफ्त एन्टी रेबीज टीकाकरण दिनांक 27.04.2019 को प्रातः 09:00 से 11:00 बजे तक किया जा रहा है। विभिन्न दवा कंपनियों द्वारा भी इस अवसर पर माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल ने अंतिम वर्ष के छात्र–छात्राओं के लिए विशेष व्याख्यान एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। विश्व पशुचिकित्सा दिवस के अवसर पर सभी पशुचिकित्सकों को शुभकामनायें दी तथा समाज के साथ मिलकर पशुचिकित्सा सेवायें प्रदान करने की प्रेरणा दी।



सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर